
दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 07/08/2024



# 15 जापानी कंपनियों ने दिया प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन

**KANPUR (6 Aug):** सीएसए में ट्यूजडे को जापानी डेलीगेट्स ने कंपनियों के मॉडल फार्म प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन दिया. वीडियो कांफ्रेंस हाल में ऑन और ऑफलाइन मीटिंग में वीसी डॉ. आनंद कुमार सिंह, गवर्नर के एसीएस डॉ सुधीर एम. बोबडे, सीएम के सलाहकार केवी राजू, छह सदस्यीय जापानी डेलीगेट्स के बीच डिस्कशन हुआ.

यहां 15 जापानी कंपनियों की ओर से देश में अपनी दक्षता के अनुसार मॉडल फार्म प्रोजेक्ट, केवीके पर तकनीकी प्रदर्शन, सहभागिता पर प्रस्तुतीकरण दिया गया. यहां डॉक्टर सुधीर एम बोबडे, डॉ पीके सिंह, डॉ आरके यादव, डॉक्टर सीएल मौर्या, डॉक्टर विजय यादव, डॉक्टर मुनीश कुमार और डॉ आरबी सिंह आदि रहे.

अंक-157 कानपुर, बुधवार 7 अगस्त 2024 पृष्ठ-8

दैनिक

# आज का कानपुर

र से प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बांदा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

## पशुओं में बांझपन के निवारण हेतु दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण



**आज का कानपुर**

कानपुर । सीएसए के द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा आज ग्राम सहतावन पुरवा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर शशिकांत ने किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन की क्षमता प्रत्यक्ष रूप से उसकी प्रजनन क्षमता पर निर्भर करती है। दुधारू पशुओं में बझापन की स्थिति पशुपालकों के लिए बहुत बड़े आर्थिक नुकसान का कारण होता है बाझपन पशु अस्थाई रूप से प्रजनन क्षमता के कम होने की स्थिति को कहते हैं डॉ कांत ने यह भी किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं के सामान्य ब्यांत अंतराल को कायम रखने के लिए पशु के ब्याने के बाद 45 से 60 दिनों के मध्यांतर में गर्मी में आ जाने चाहिए और 100 दिन के भीतर गर्भधारण कर लेना चाहिए। यदि पशु ब्याने के 60 दिनों के बाद भी गर्मी में नहीं आता तो पशुपालक भाई अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चहिए वहीं केंद्र के वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश वर्मा किसानों को बताया कि यदि हमारा पशु सही समय पर गर्भधारण नहीं करता है तो किसानों की बहुत बड़ी आर्थिक नुकसान से गुजरना पड़ता है जब तक की गर्भधारण न कर ले इस मौके पर प्रशिक्षण में उपस्थित छुनालाल, रामबाबू, चरण सिंह सहित 25 महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

भारतीय ऑटो कंपनियां जल्द ही बनाएंगी... 12

2 लाख से अधिक युवाओं को मिला एनएपीएस का... 05



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 294
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 07 अगस्त, 2024

# सहतावन पुरवा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा मंगलवार को ग्राम सहतावन पुरवा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन की क्षमता प्रत्यक्ष रूप से उसकी प्रजनन क्षमता पर निर्भर करती है। दुधारू पशुओं में बाझपन की स्थिति पशुपालकों के लिए बहुत बड़े आर्थिक नुकसान का कारण होता है। उन्होंने किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं के सामान्य ब्यांत अंतराल को कायम रखने के लिए पशु के ब्याने के बाद 45 से 60 दिनों के मध्यांतर में गर्मी में आ जाना चाहिए और 100 दिन के भीतर गर्भधारण कर लेना चाहिए। यदि पशु ब्याने के 60 दिनों के बाद भी गर्मी में नहीं आता तो पशुपालक अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चहिए।

केंद्र के वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने किसानों को बताया कि यदि हमारा पशु सही समय पर गर्भधारण नहीं करता है तो किसानों को आर्थिक नुकसान से गुजरना पड़ता है।

इस अवसर पर छुनालाल, रामबाबू, चरण सिंह सहित 25 महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

बुधवार, 7 अगस्त 2024
वर्ष 2 , अंक 348, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

अजय ने शुरू की सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग 16

मीराबाई की नजर पदक पर- 15



...यास
...ति व
...ाई

...क्षेत्र में एक
...का प्रयास
...करने आए
...यों ने पिटाई
...र के आदेश
...आरोपियों के
...है।
...महिला ने
...चकेरी सब्जी
...न है। 29
...लाला पुरवा
...मचन्द्र चार
...नकी दुकान
...उनके साथ
...करने लगे।
...भाई बचाने
...दों का प्रयोग
...एकत्र होने
...ग निकले।
...प से घायल
...अस्पताल
...पीड़िता ने
...ी व चकेरी
...न होने पर
...कायत की।
...क्षक चकेरी
...कि पीड़िता
...के खिलाफ

# दिखेंगे जापानी कंपनियों के मॉडल फार्म प्रोजेक्ट

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में मंगलवार को जापानी कंपनी के 15 अधिकारी पहुंचे। कंपनियों ने सीएसए के वीडियो कांफ्रेंस हाल में देश में अपनी दक्षता के अनुसार मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों पर तकनीकी प्रदर्शन सहभागिता पर प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू ने इस परियोजना की महत्ता व क्रियान्वयन पर चर्चा की।

अपर मुख्य सचिव डॉ.सुधीर एम बोबडे ने परियोजना को शीघ्र शुरू करने के साथ ही छात्रों के कौशल विकास, दक्षता व इंडस्ट्रियल क्षेत्र में प्रयोगात्मक इंटर्नशिप और छात्रों के एक्सचेंज के लिए विशेष बल देने को कहा। साथ ही प्रदेश के औद्योगिक विकास में जापानी तकनीक कैसे सहायक हो सकती है, इसपर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। जापान में कृषि एवं वानिकी विभाग की सलाहकार डॉ. सुशील यामामोटो ने विश्वविद्यालय व जापानी प्रतिनिधियों के मध्य समन्वय और मॉडल फार्म प्रोजेक्ट



कृषि एवं वानिकी विभाग की सलाहकार डॉ.सुशील यामामोटो का स्वागत करते सीएसए कुलपति।

को सितंबर से लेकर मार्च तक की कार्ययोजना के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के लिए विचार विमर्श किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे, मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू व छह सदस्यीय जापानी प्रतिनिधि मंडल, डॉ. पीके सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. विजय यादव, डॉ.मुनीश कुमार व डॉ. आरबी सिंह मौजूद रहे।

सफाई कराते हैं।



दैनिक जागरण 07/08/2024

# माडल फार्म प्रोजेक्ट पर जापानी टीम से चर्चा

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने माडल फार्म परियोजना को लेकर चर्चा की। बैठक में आगामी मार्च महीने तक की कार्य योजना तय की गई। जापानी प्रतिनिधिमंडल अब सितंबर महीने में फिर आएगा और परियोजना में शामिल कंपनियों के साथ काम आगे बढ़ेगा। बैठक में आनलाइन माध्यम से राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डा. सुधीर एम. बोबडे, मुख्यमंत्री सलाहकार के वी राजू भी शामिल हुए।

जापानी टीम ने माडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत सितंबर से मार्च के बीच दिलीप नगर कृषि विज्ञान केंद्र पर किए जाने वाले तकनीकी प्रदर्शन और सहभागिता के बारे में अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की।



अमर उजाला 05

री

ब्रश

परीक्षक



ने वैज्ञानिक। संवाद

सटीक रिपोर्ट

ताया कि मुंह परीक्षक
डिवाइस पावर
लिए स्वास्थ्य हिस्ट्री
ग क्लीनिकल
कता के साथ त्वरित
है। यह सुरक्षित और
सी अतिरिक्त
श्यकता नहीं होती
मणींद्र अग्रवाल ने
नीक स्कैनजेनी
गई है ताकि जल्द
उपलब्ध हो सकें।

निदेशक धीरेंद्र सिंह

# सीएसए में किसान जापानी तकनीक से सीखेंगे खेती



सीएसए में जापानी डेलिगेशन के साथ बैठक करते वीसी। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

## खुलेगा प्रदेश का पहला मॉडल फार्म, मशीनों से खेती को आसान करना सिखाएंगे

कानपुर। बदलते तकनीक दौर में अब सेंसरयुक्त मशीनों का प्रयोग कर खेती को आसान बनाया जाएगा। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में प्रदेश का पहला मॉडल फार्म बनाया जाएगा। फार्म में जापानी तकनीक से खेती को अत्याधुनिक रूप से करने की जानकारी दी जाएगी।

यह फैसला मंगलवार को विवि में आए जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में लिया गया। तय हुआ कि इस मॉडल फॉर्म में सेंसरयुक्त खेती से लेकर श्रम को कम करने वाली मशीन, बॉयो इनपुट और मूल्यवर्धन के बारे में बताया जाएगा। जापान से आईं 15 कंपनियों ने अपनी खूबियों के बारे में जानकारी दी। यह मॉडल फॉर्म प्रोजेक्ट सितंबर से लेकर मार्च तक संचालित होगा। बैठक में विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह, जापान के कृषि मंत्रालय से आए यूची मोरानागा, हिरोषी योसीमुरा, डॉ. यामामोटो के अलावा वर्चुअल माध्यम से राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे और सीएम के सलाहकार वीके राजू जुड़े।

जापान से आने वाली कंपनियों ने टिकाऊ खेती से लेकर अच्छे उत्पादन और कम लागत में खेती करना सिखाएंगी। विवि में ग्रीन हाउस भी विकसित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि अपर मुख्य सचिव व सीएम के सलाहकार ने योजना को रफ्तार देने की बात कही। मौके पर डॉ. पीके सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. विजय यादव, डॉ. मुनीश कुमार मौजूद रहे।

हिंदुस्तान 07/08/2024

# कानपुर में बनेगा जापानी तकनीक वाला मॉडल फार्म

## सीएसए

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। कानपुर में प्रदेश का पहला मॉडल फार्म बनेगा, जहां जापानी तकनीक से खेती को अत्याधुनिक रूप से करना बताया जाएगा। इस मॉडल फार्म में सेंसरयुक्त खेती से लेकर श्रम को आसान बनाने वाली मशीन, बायो इनपुट और मूल्यवर्धन से किसान अवगत हो सकेंगे। यह मॉडल फार्म चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में तैयार किया जाएगा।

यह फैसला मंगलवार को विवि में आए जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में लिया गया। सीएसए विवि के वीडियो कॉन्फ्रेंस हाल में मंगलवार को हाइब्रिड माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के अलावा जापान के कृषि मंत्रालय से आए यूची मोरानागा, हिरोषी योसीमुरा, डॉ. यामामोटो के अलावा वर्चुअल माध्यम से राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे और मुख्यमंत्री के सलाहकार वीके राजू शामिल रहे। जापान से आईं 15 कंपनियों ने अपनी खूबियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री के सलाहकार ने इस योजना को रफ्तार देने की बात कही।

कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया, जापान की मदद से विवि में ग्रीन हाउस भी विकसित किया जाएगा। इस मौके पर विवि के डॉ. पीके सिंह, डॉ. आरके यादव, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. विजय यादव, डॉ. मुनीश कुमार और डॉ. राम बटुक सिंह आदि मौजूद रहे।



मंगलवार को सीएसए में आए जापानी प्रतिनिधिमंडल ने बैठक की।